गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 15.03.2022 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 15.03.2022 को सायं 04:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1.	प्रो0 आलोक चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
3.	प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा	सदस्य
4.	प्रो0 एस.एस. सिंह	सदस्य
5.	प्रो0 एल.व्ही.के.एस. भास्कर	सदस्य
6.	प्रो0 बी.एन. तिवारी	सदस्य
7.	प्रो0 व्ही.एस. राठौर	सदस्य
8.	प्रो0 डी.एन. सिंह	सदस्य
9.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
10.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
11.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
12.	डॉ0 एस.के. प्रजापति	सदस्य
13.	डॉ0 बी.आर. रावटे	सदस्य
14.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव
2. प्रो0 टी.व्ही. अर्जुनन
3. डॉ0 आर.के. चौबे

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

विषय क्र. 01 सी.यू.ई.टी. 2022–23 के लिए स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के मैपिंग पर विचार।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 14.03.2022 में प्रारूपित सी.यू.ई.टी. 2022–23 के लिए स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के मैपिंग पर विचार किया एवं स्थायी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि अधिष्ठाताओं द्वारा प्रारूपित मैपिंग का अनुमोदन किया जाय एवं मैपिंग को यथाशीघ्र एन.टी.ए. को प्रेषित किया जाय।

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022–23 से स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर कुछ नवीन पाठ्यक्रमों का प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इन प्रस्तावित पाठ्यक्रमों को उक्त सूची में शामिल करने हेतु एन.टी.ए. के वरिष्ट अधिकारी श्रीमती साधना पराशर से दूरभाष पर चर्चा की गई। उनके द्वारा यह सुझाव दिया गया कि प्रस्तावित नवीन पाठ्यक्रमों को **"DRAFT PROPOSAL FOR THE PROGRAMME UNDER SUBMISSION"** दर्शाते हुए उक्त सूची में प्रदर्शित किया जाय।

15/03/22

15/03/2022

स्थायी समिति ने एन.टी.ए. के वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती साधना पराशर के उक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह भी निर्णय लिया कि स्नातक स्तर के कुछ नवीन पाठ्यक्रमों जिनका अनुमोदन प्रक्रियाधीन है, ऐसे पाठ्यक्रमों को भी उक्त सूची में **"DRAFT PROPOSAL FOR THE PROGRAMME UNDER SUBMISSION"** दर्शाते हुए शामिल कर लिया जाय। ऐसे पाठ्यक्रमों से संबंधित अधिष्ठातागण आज ही पाठ्यक्रम का नाम एवं अर्हता सहायक कुलसचिव अकादमिक को उपलब्ध करायेंगे।

विषय क्र. 02 विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने होली त्योहार एवं विद्यार्थियों के परिसर में आवागमन तथा गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया दिनांक 16 एवं 17 मार्च, 2022 को संचालित होने वाले कक्षायें ऑन लाईन संचालित किये जायेंगे। विद्यार्थियों को उक्त दो दिवस परिसर में आने की आवश्यकता नहीं है।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि 16 एवं 17 मार्च, 2022 को आयोजित होने वाले आंतरिक मूल्यांकन परीक्षायें स्थगित की जाती है। स्थगित आंतरिक मूल्यांकन परीक्षायें बाद की तिथियों में संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी।

विषय क्र. 03 विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा नये बालक छात्रावास के समीप विश्वविद्यालय के गेट को खोले जाने संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर चर्चा की गई।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने इस संदर्भ में यह निर्णय लिया कि वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त गेट को न खोला जाय।

विषय क्र. 04 विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय परिसर में निवासरत् विद्यार्थियों एवं रहवासियों के लिए सुविधा भण्डार (Convenience Store) बनाया जाय एवं इसे संचालित करने के लिए कॉपरेटिव सोसायटी गठित कर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

15/03/22 15/03/2022

कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव **कुलपति / अध्यक्ष**